तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 25. 0 डिग्री

हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 12 अगस्त 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

बारिश थमते ही बढ़ी पानी की डिमांड, बांगो बांध के हाईडल प्लांट को चलाया जा रहा है 36 घंटे
2



बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
7400009183

श्री शंकराचार्य कॉलेज ऑफ नर्सिंग
हुडको, भिलाई (छ.ग.)
(2005 से संचालित)
नर्सिंग
B.Sc(N)
M.Sc.(N) P.B.B.Sc.(N)
7489713804, 7869513804
For Online Admission
Visit : www.sscnbhilai.com

## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन 14 को

**जांजगीर-चांपा।** जिला स्तरीय स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन शासकीय हाई स्कूल मैदान जांजगीर से कचहरी चौक होते हुए वापसी शासकीय हाई स्कूल मैदान जांजगीर तक 14 अगस्त को प्रातः 7 बजे से किया जाएगा। जिला खेल अधिकारी ने स्वतंत्रता दौड़ में जिले के सभी प्रबुद्धजन, समस्त विभाग के अधिकारी, कर्मचारी स्कूल, कालेज के छात्र, छात्राएं, एन.सी.सी.कैडेटस, एन.एस.एस समस्त खेल संघों के पदाधिकारी, खिलाड़ी, स्काउट गाईड, नेहरु युवा केन्द्र के सदस्य, गणमान्य नागरिकों को शामिल होने का आग्रह किया है।

### भारतीय जनता पार्टी की तिरंगा यात्रा कल

**जांजगीर-चांपा।** भारतीय जनता पार्टी जिला जांजगीर चाम्पा के समस्त कार्यकर्ताओ से जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े ने बताया है कि मोर तिरंगा मोर अभिमान कार्यक्रम भारतीय जनता पार्टी जिला जांजगीर चाम्पा द्वारा राष्ट्र व सेना के सम्मान में तिरंगा यात्रा 13 तारीख को रेलवे-स्टेशन नैला से कचहरी चौक जांजगीर तक दोपहर 3 बजे निकलेगी। जिलाध्यक्ष श्री जांगड़े ने भारतीय जनता पार्टी के समस्त कार्यकर्ताओ व क्षेत्र के नागरिको से यात्रा मे शामिल होने की अपील की गई है।

### आखिर कब सुधरेगी कोसमंदा रेलवे फाटक की समस्या

**जांजगीर-चांपा।** बलौदा विकासखंड अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत कोसमंदा का रेलवे फाटक आम लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। रेलवे प्रशासन द्वारा एक और जहां समपार फाटक को बंद करके उसके स्थान पर ओवर ब्रिज बनाने पर जोर दिया जा रहा है ताकि लोगों को आवागमन में किसी तरह की परेशानी ना हो वहीं दूसरी ओर बलौदा विकासखंड अंतर्गत आने वाले ग्राम कोसमंदा का रेलवे फाटक आम लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। ग्राम पंचायत कोसमंदा का रेलवे फाटक आम लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है।

## किसान परेशान, कुंभकर्णीय निद्रा में जल संसाधन विभाग

# भादो में सूखने लगे खेत, टेल एरिया तक नहीं पहुंच रहा नहर का पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

मौसम की बेरूखी ने जहां किसानों की परेशानी बढ़ा दी है, भादो के महीने में धान की फसल मुरझाने लगी है। वहीं कुंभकर्णीय निद्रा में लीन जल संसाधन विभाग की कार्यशैली जले पर नमक छिड़कने का काम कर रही है। स्थिति यह है कि 90 प्रतिशत सिंचित जिले में जर्जर नहरों से पानी की बर्बादी हो रही है और टेल एरिया के किसान बूंद बूंद के लिए तरस रहे है।

जांजगीर चांपा जिले में खरीफ फसल लगाने वाले किसान इन दिनों सिंचाई की समस्या को लेकर भारी परेशान है। पिछले कुछ दिनों से बारिश नहीं होने के कारण किसानों के खेत सूखने लगे है और फसले मुरझाने लगे है। इधर 90 प्रतिशत सिंचित जिले में हसदेव बांगो नहर की धार ऊपरी इलाकों में लबालब दिख रही है, लेकिन जिले के निचली इलाकों में किसानों के खेतों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है। नवागढ़, किरीत के आगे खैरताल, खपरीडीह, तुलसी, मिसदा, उदयभांठा, गंगाजल, बर्रा, भठली, केरा, कनस्दा, नगारीडीह, मोहतरा क्षेत्र में नहर का पानी नहीं पहुंच पा रहा है। मुख्य शाखा में थोड़ी बहुत धार चल रही है, जिसे वितरक शाखा के माध्यम से खेतों तक ले जाने किसान दिन रात मशक्कत कर रहे है। इसको लेकर कई जगहों पर वाद विवाद की स्थिति निर्मित होने लगी है। इधर सेमरा के आगे सलखन, गोधना, रिंगनी कुकदा क्षेत्र में भी यही हाल है। इसी तरह अकलतरा, बलौदा, पामगढ़ क्षेत्र में भी मौसम की बेरूखी और नहर से पर्याप्त पानी नहीं मिलने के कारण किसान परेशान हो रहे है।

उल्लेखनीय है कि जिले में दशकों पूर्व बने नहर की हालत बद से बदतर हो गई है। ऐसा भी नहीं है कि इसकी मरम्मत के लिए शासन से राशि ना मिली हो। विभागीय सूत्रों की माने तो मरम्मत और सफाई के नाम पर लाखों का बजट जारी होता है। बावजूद इसके नहरों की हालत बदतर है। वहीं जिम्मेदार विभाग की अकर्मण्यता के चलते खरीफ फसल लगाने वाले किसान भादो के महीने में पानी के लिए तरसने मजबूर है।



खेत में पड़ी दरारें।

### हर रोज कलेक्टोरेट पहुंच रहे किसान

जांजगीर चांपा जिले के किसान बड़ी मात्रा में धान की फसल लगाए गए है। वहीं खेतों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है। पानी की समस्या को लेकर किसान हर रोज कलेक्टोरेट पहुंच रहे है, लेकिन किसानों की समस्याओं का निराकरण नहीं हो पा रहा है। पिछले कुछ दिनों बारिश नहीं हो पा रही है। जिसके चलते भी समस्या बनी हुई है। इसी तरह की स्थिति सक्ती जिले में भी देखने को मिल रही है। सक्ती जिले के जनपद पंचायत क्षेत्र सक्ती, मालखरौदा, डभरा एवं जैजैपुर क्षेत्र में पानी की समस्या बनी हुई है। इधर पानी की समस्या को लेकर डभरा क्षेत्र के किसानों ने आंदोलन की चेतावनी भी दी है। डभरा क्षेत्र के सिंघरा वितरक नहर में पर्याप्त पानी छोड़ने की मांग को लेकर किसानों के द्वारा कार्यपालन अभियंता को ज्ञापन भी दिया गया है। ज्ञापन सौंपने वालों में महेन्द्र चंद्रा, केशव शरण बंजारे, तुलाराम बंजारे, शशिकांत सहित अन्य किसानों ने जल संसाधन विभाग के अधिकारी को ज्ञापन सौंप कर पर्याप्त पानी देने की मांग की है।

### बनाई जा रही व्यवस्था

बांगो बांध के माध्यम से नहरों में पर्याप्त मात्रा में पानी छोड़ा गया है। हर खेतों तक पानी पहुंचाने का काम कर रहे है, जहां पानी की समस्या आ रही है। वहां के लिए व्यवस्था बनाई जाएगी।

- सुखदेव सिंह
एसडीओ, जल संसाधन विभाग जांजगीर

# 400 सौ से अधिक सरकारी प्रायमरी मिडिल स्कूलों में किचन गार्डन की दरकार

## 6 साल पहले बनी योजना पर अब तक नहीं हो पाया अमल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले के 1 हजार 200 से अधिक सरकारी प्राथमिक एवं मिडिल स्कूल में किचन गार्डन बनाया जाना है, ताकि छात्र छात्राओं को स्कूल में ही हरी सब्जियों का लाभ मिल सके, लेकिन इनमें से 8 सौ स्कूलों में ही किचन गार्डन बन पाया है, जबकि 4 सौ स्कूलों में किचन गार्डन बनाया जाना शेष है। 6 साल पहले बनी शासन की कार्य योजना पर अब तक अमल नहीं हो पा रहा है।

गौरतलब है कि जांजगीर चाम्पा जिले में 1 हजार 2 सौ से अधिक सरकारी प्राथमिक मिडिल स्कूलों का संचालन किया जा रहा है। इन सरकारी स्कूलों में किचन गार्डन बनाया जाना है, लेकिन इनमें से महज 8 सौ स्कूलों में ही गार्डन बनाया जा सका है, जबकि 4 सौ से अधिक सरकारी स्कूलों में किचन गार्डन की दरकार बनी हुई है। राज्य शासन के स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा सरकारी प्राथमिक व मिडिल स्कूलों में मध्यान भोजन संचालित किया जाता है। ऐसे में स्कूल परिसर के ही आसपास किचन गार्डन बनाए जाना है, ताकि गार्डन में हरी सब्जियां टमाटर पत्ता गोभी फूल गोभी भिंडी बैंगन धनिया मिर्ची अदरक समेत अन्य सब्जियों की खेती की जा सके वही इसका लाभ बच्चों को दिया जाना है, लेकिन ज्यादातर सरकारी स्कूलों में किचन गार्डन नहीं बनाया जा सकता है। किचन गार्डन में बच्चों के साथ-साथ स्कूल के शिक्षक एवं प्रधान पाठकों की जवाबदेही भी तय की गई है, ताकि इसकी बेहतर तरीके से मॉनिटरिंग की जा सके, लेकिन विभागीय उदासीनता एवं शिक्षकों एवं प्रधान पाठको की लापरवाही के कारण इसका लाभ सरकारी स्कूलों में पढ़ने लिखने वाले छात्र छात्राओं को नहीं मिल पा रहा है। 6 साल पहले बने शासन की योजनाओं का धरातल पर क्रियान्वयन नजर नहीं आ रहा है। वही किचन गार्डन परिसर के आसपास सुरक्षा घेरा भी लगाया जाना आवश्यक है।



### मीनु चार्ट के अनुसार नहीं बनता मध्यान्ह भोजन

जिले के प्राथमिक एवं मिडिल स्कूलो में छात्र छात्राओ को अलग अलग दिनो में मीनु चार्ट के अनुसार भोजन प्रदान किया जाना है। ज्यादातर स्कूलो में मीनु चार्ट के अनुसार मध्याह्न भोजन उपलब्ध नहीं कराया जाता। नियम के तहत छात्रो को चांवल, दाल, सब्जी, पापड, सलाद, बुंदी, मीठा प्रदार्थ भी प्रदान किया जाना है, लेकिन जिम्मेदार महिला स्वसहायता समुह एवं संबंधित सरकारी स्कूलो के प्रधान पाठक द्वारा मीनू चार्ट के अनुसार बच्चों को उपलब्ध कराने ध्यान नहीं दिया जाता है।

### बनाई जाएगी व्यवस्था

जिले के 8 सौ सरकारी प्राथमिक व मीडिल स्कूलों में कीचन गार्डन की व्यवस्था बनाई गई है। जिन स्कूलों में कीचन गार्डन नहीं है। उसकी जानकारी ली जाएगी।

-अश्वनी भारद्वाज,
डीईओ, जांजगीर

# सोंठी में अवैध शराब की बिक्री, कार्रवाई को लेकर ग्रामीणों ने दी आंदोलन की चेतावनी



इस तरह बनाई जाती है कि कच्ची महुआ शराब।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बम्हनीडीह

बम्हनीडीह ब्लाक के ग्राम पंचायत सोंठी में अवैध कच्ची महुआ शराब का भंडारण व बिकी धडल्ले से की जा रही है। वहीं इस पर कार्रवाई को लेकर ग्रामीणों ने उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

मिली जानकारी के अनुसार बम्हनीडीह थाना और चांपा थाना की सीमा पर नदी किनारे बसा सोठी गांव का जोगी पारा मोहल्ला अब अवैध कच्ची महुआ शराब का पर्याय बन चुका है। यहां शराब तस्करी का धंधा इतने खुलेआम चल रहा है कि सिर्फ इस मोहल्ले में 70 से अधिक सक्रिय तस्करों के होने की पुष्टि ग्रामीण कर रहे हैं। ग्रामवासियों और सरपंच का आरोप है कि पिछले कई महीनों में उन्होंने पुलिस, आबकारी विभाग और प्रशासन को सैकड़ों बार लिखित व मौखिक शिकायतें दीं, लेकिन इस पर कार्रवाई नहीं हो पा रही है। महुआ की खेप आसपास के गांवों से लाई जाती है, जिसे यहां खुले में उबालकर शराब बनाई जाती है। फिर मोटरसाइकिल, ऑटो और पिकअप वाहनों से इसे आस-पास के कस्बों व जिलों में सप्लाई कर दिया जाता है। ग्राम पंचायत सोठी के सरपंच कन्हैया लाल पटेल ने हाल ही में कलेक्टर से किए गए शिकायत में बताया है कि उनके पंचायत के जोगी पारा में अवैध महुआ शराब के कारण ही तीन,चार हत्याएं पूर्व में हो चुकी है जिसकी शिकायत थाना में की गई है। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि इस पर कार्रवाई नहीं होने पर आगे उग्र आंदोलन किया जाएगा।

# विशेष अभियान चलाकर घुमंतू मवेशियों में बांधी रेडियम पट्टी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले में विशेष अभियान चलाकर सडकों में घुमंतु मवेशियों के गले में रेडियम पट्टा बांधा गया। साथ ही साथ मवेशियों को सड़कों से हटाकर सुरक्षित आश्रय स्थल ले जाने जागरूक भी किया जा रहा है।

- बिलासपुर की संस्था द्वारा प्रदान किया गया 4 सौ पट्टी

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक जांजगीर चांपा के निर्देशन में जिले में विशेष अभियान चलाकर सड़कों में घुमंतु मवेशियों के गले में रेडियम पट्टी बांधा जा रहा है। मवेशियों के गले में रेडियम पट्टी लगाने के साथ साथ, लोगो को सड़कों से मवेशियों को हटाकर सुरक्षित आश्रय स्थल ले जाने के लिए जागरुक भी किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि घुमंतु मवेशियों को सड़कों से हटाकर सुरक्षित स्थानों तह पहुंचाने, मवेशियों को पकड़ने, उनके मालिको को पता लगाकर उन्हे आश्रय स्थलो पर रखने, घुमंतु मवेशियों को पकड़कर गले में रेडियम पट्टी लगाना, ताकि रात्रि में प्रकाश पड़ने पर दुर्घटना से बचने के लिए तमाम प्रयास जा रहा है। सीसीटीवी एसोसिएशन के मार्ग दर्शन में बिलासपुर कंप्यूटर आईटी एसोसिएशन द्वारा मवेशियों के सड़क पर बैठने से जिससे होने वाले सड़क दुर्घटनाओं को दृष्टिगत रखते हुए, जिसके रोकथाम के लिए जांजगीर पुलिस को 400 नग रेडियम पट्टी गौवंश के गले में बंधने के लिए स्वेच्छा से निःशुल्क प्रदाय किया गया है। सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम को मद्देनजर रखते हुए सड़कों पर घुमंतू मवेशियों के गले में रेडियम पट्टी बांधने के लिए पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप के कुशल मार्गदर्शन में 10 अगस्त को पुलिस द्वारा जिले के हाइवे रोड के चौक चौराहों तथा जिले के अन्य जगहों, पामगढ़, मुलमुला, नवागढ़, शिवरीनारायण, पंतोरा, बलौदा बम्हनीडीह, बिर्रा क्षेत्र के सड़कों में एवं चौक चौराहों में बैठे मवेशियों के





गाय के गले पर रेडियम पट्टी बांधते पुलिसकर्मी।

# गौवंशों की तस्करी करने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

पिकअप वाहन में गौवंशों की तस्करी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के खिलाफ पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत अपराध कायम किया गया है। मामला सक्ती थाना अंतर्गत नवापाराखुर्द का है।

इस संबंध में सक्ती पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी मयंक सिंह ठाकुर अध्यक्ष गौ सेवा समिति सक्ती के द्वारा लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराया की ग्राम नावापारा खुर्द से गौवंशो को पीकअप वाहन में डालकर बुचड़-खाना लेकर जाते है। इस दौरान नावापारा खुर्द में राईस मिल के पीछे कुछ गौ तस्कर गौ माता को पीकअप में चढा रहे है। हीरालाल यादव उर्फ गदा एवं अपने अन्य साथियों के मिलकर पीकअप में गाय व बैल को जबरन पकड-पकड कर चढा रहे थे। जिसे इनके द्वारा मना करने पर जान से मारने की धमकी दी गई। उक्त पीकअप वाहन एवं उसमे भरे हुए 9 गौवंशो को छोड़कर फरार हो गये। जिसमें से देखभाल करने के बाद भी 1 गौवंश की मृत्यु हो गयी। रिपोर्ट पर अपराध धारा सदर कायम कर विवेचना में लिया गया था। इसी दौरान आरोपी हीरालाल यादव से पूछताछ करने पर अपने साथियों के साथ मिलकर पीकप वाहन क्रमांक ओडी 12 एजे 2593 में गाय बैलों को तस्करी करना कबूल किया तथा जिसके कारण 1 गाय की मौत हो गई। आरोपी नवापाराखुर्द निवासी हीरालाल यादव पिता सालिक राम यादव उम्र 35 वर्ष से एक पिकप कीमती 12 लाख 50 हजार एक बिना नंबर की बाइक 40 हजार रुपए तथा 10 हजार का मोबाइल को जब्त किया गया। आरोपी का कृत्य धारा सदर का घटित करना पाये जाने से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। प्रकरण में अन्य फरार आरोपीगण की शीध्र पता तलाश कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जाती है।




पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

## एक दशक की संगीत साधना के बाद भजन गायक नीलम सिंह यादव को मिल रही प्रसिद्धि

# एकलव्य की तरह रविन्द्र जैन को बनाया गुरू, गाते हैं उन्ही की आवाज में

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

दादू(रविन्द्र जैन) से मेरी कभी प्रत्यक्ष रूप से मुलाकात नहीं हुई, लेकिन उनके रामायण के भजनों को सुनकर मेरे रोम रोम खडे हो जाते। मेरे मन में भी उन्ही के जैसे भजन गाने की इच्छा हुई तो अपने हारमोनियम पर उनकी तस्वीर लगाकर मैंने रियाज करना शुरू किया। आज भजन गाने में जो कुछ सफलता मिली है, वह उन्हीं की कृपा है।

यह कहना है कि जूनियर रविन्द्र जैन नीलम सिंह यादव का। मध्यप्रदेश के अशोक नगर जिला अंतर्गत चंदेरी के नीलम सिंह यादव की पहचान एक तरह से जूनियर रविन्द्र जैन के रूप में बन गई है। उन्होंने अद्वितीय टीवी सीरियल रामायण की ख्याति को अपने असाधारण स्वर से शिखर तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाने वाले महान संगीतकार, गीतकार और गायक रविन्द्र जैन को 'एकलव्य' की तरह अपना गुरू बनाया, फिर तकरीबन 10 साल की कठिन साधना की है। हरिभूमि से चर्चा करते हुए भजन गायक नीलम सिंह यादव ने बताया कि उन्होंने 7 वर्ष की आयु में अपने गांव के मंदिर के पुजारी रामसहाय दुबे के सानिध्य में हारमोनियम बजाने और गाने की शुरूआत की। इसके बाद टीवी सीरियल रामायण और कृष्णा में रविन्द्र जैन के आवाज के भजनों को सुना तो वे आकर्षित हो गए। उन्होंने मंदिर में रविन्द्र जैन की आवाज में गाने की प्रैक्टिस शुरू कर दी। श्री यादव बताते है कि इस दौरान उनके परिवार के रूपलाल यादव का सानिध्य प्राप्त हुआ और उनसे हारमोनियम बजाने की कला सीखी। इसके बाद वे हारमोनियम लेकर रविन्द्र जैन की आवाज में रामायण और कृष्णा के भजनों को बार बार गाने लगते। इस दौरान उन्होंने अपने हारमोनियम में रविन्द्र जैन की तस्वीर भी लगाई। इस तरह तकरीबन 10 साल की प्रैक्टिस के बाद जब उन्होंने सोशल मीडिया फेसबुक पर अपने गाने का वीडियो शेयर किया तो लोगों की प्रतिक्रिया आने लगी। लोगों ने उनकी आवाज को बिल्कुल रविन्द्र जैन की आवाज बताते हुए और गाने के लिए प्रेरित किया तो कुछ जगह उन्हें मंचीय कार्यक्रम में शामिल होने का आमंत्रण भी मिला। धीरे धीरे यह सिलसिला और आगे बढा। इसके बाद 16 सितंबर 2019 को रविन्द्र जैन के शिष्य शिव मिश्रा का आमंत्रण प्राप्त हुआ। वहां आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने रामायण का गाना 'सुनो रे राम कहानी' को गाया तो पूरे लोग चकित रह गए। इस दौरान रविन्द्र जैन की पत्नी दिव्या जैन, रामायण की सीता दीपिका चिखलिया द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया। इसके बाद वहां कुछ धार्मिक सीरियल में रविन्द्र जैन की आवाज में गाने का काम भी मिला।



### दादू को मिले भारत रत्न

भजन गायक नीलम सिंह यादव कहते है कि दादू (रविन्द्र जैन) असाधारण प्रतिभा के धनी थे। जन्मांध होने के बावजूद वे ना केवल गायक बल्कि संगीतकार और गीतकार रहे। ऐसे व्यक्ति को भारत रत्न मिलना चाहिए।

ग्लोबल प्रा. आई.टी.आई
ITI AKALTARA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass) • FITTER* 2 Year (10th Pass)
मनका दाई मंदिर के पीछे, वार्ड नं. 3, बलोदा रोड, अकलतरा , (जांजगीर-चांपा)
89595-93946 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### उद्योग मंत्री दो दिवसीय दिल्ली प्रवास पर



**कोरबा।** वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन दो दिवसीय नई दिल्ली के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे भारत सरकार के केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात करेंगे। उद्योग मंत्री श्री देवांगन 10 अगस्त की रात 8.30 बजे फ्लाइट से नई दिल्ली के लिए प्रस्थान किए। रात 10.05 बजे वे इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे। मंत्री श्री देवांगन 11 एवं 12 अगस्त को नई दिल्ली में भारत सरकार के केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात करेंगे। वे नई दिल्ली से 12 अगस्त को शाम 7.20 बजे फ्लाइट से प्रस्थान कर 8.55 बजे रायपुर लौटेंगे।

### आयुष केंद्र मोरगा में आयोजित किया गया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर



**कोरबा।** आयुष केंद्र मोरगा के अंतर्गत 34 गावों में 60 वर्ष से ऊपर महिला एवं पुरुष लगभग 17 सौ लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं औषधि प्रदान कराया जा चुका है, जिसमें 1078 लोग स्वस्थ हैं अन्य का आयुष चिकित्सा उपचार चल रहा है। कुछ समय बाद सामान्य हो जाएंगे, ज्यादा के स वात, प्रतिसयाय, स्वास, कास, साटीका आदि मरीज संचालाक आयुष के निर्देश एवं जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ.उदय शर्मा के निर्देशाअनुसार प्रत्येक गांव में जो भी 60 वर्ष से ऊपर निःशुल्क चिकित्सा एवं पंचकरम चिकित्सा के लिए कटघोरा भेजा जाए। अभी तक 11 लोगों को पंचकरम के लिए भेजा गया। सेवा डॉ.रमापति तिवारी आयुष चिकित्सक लगातार सहयोग किया जा रहा है।

### झाबर में मनाया गया रक्षाबंधन का त्यौहार



**कोरबा।** राधेय विद्यापीठ इंग्लिश हाईस्कूल झाबर प्रांगण में भाई-बहन के बीच पारंपरिक रूप से मनाए जाने वाले त्यौहार रक्षाबंधन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस वर्ष रक्षाबंधन एक अनोखे और सार्थक तरीके से मनाया गया। इस उत्सव का एक मुख्य आकर्षण राखी बनाने की कार्यशाला थी। सभी कक्षाओं के छात्राओं ने इस रचनात्मक गतिविधि में भाग लिया। इस अवसर पर विद्यालय कि शिक्षिका श्रीमती शशि ने छात्राओं को राखी बनाने कि प्रशिक्षण दी। छात्राओं के इस रचनात्मक कार्य का सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर अभिभावक तथा विद्यालय के शिक्षिकाओं ने छात्राओं का उत्साह बढ़ाते हुए उनसे रखियों की खरीदारी की।

### कटघोरा के पूर्व विधायक ने किया पौधरोपण



**हरदीबाजार।** परम पूज्य गुरुदेव सत्य कबड्डी दास एवं परम बंदनीय गुरु माता सत्य लीला देवी, सत्य निजनाम बोध संस्थान पोड़ी (राछा) के जन्मदिन के वसर पर कटघोरा क्षेत्र के गुरु भाइयों के द्वारा केराकछार में पौधारोपण किया गया। जिसमें विशेष रूप से पुरुषोत्तम कंवर पूर्व विधायक कटघोरा सम्मिलित होकर गुरुदेव एवं गुरु माता के जन्मदिन पर पौधा रोपण कर उन्हें याद किया। श्री कंवर ने कहा कि वे देव लोक से हमें आशीष दे कर एक नई उर्जा देकर अपने बताऐ मार्ग पर चलने की प्रेरणा भी दे रहे हैं, अब वे हम सभी अनुयाइयों के हृदय में है। कार्यक्रम में सत्य रामनारायण रजक, सत्य अमर दास, सत्य इन्द्रपाल सिंह कंवर, सत्य श्याम दास, सत्य सुभाष दास, सत्य श्याम लाल कंवर, सत्य सत्य नारायण सिंह कंवर, गुलशन, दिनेश , विनोद एवं अन्य सदस्यग तथा ग्रामवासी उपस्थित थे।

### बांगो बांध का वाटर लेवल पहुंचा 80 फीसदी, 45 सौ क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा हसदेव नदी में

# बारिश थमते ही बढ़ी पानी की डिमांड, बांगो बांध के हाईडल प्लांट को चलाया जा रहा है 36 घंटे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बारिश की रफ्तार बंद होते ही अब खेती किसानी के लिए पड़ोसी जिलों से लगातार पानी की डिमांड आनी शुरू हो गई है। यही वजह है कि प्रदेश के सबसे बड़े बांगो बांध में बने हाइडल प्लांट की रफ्तार भी बढ़ा दी गई है अब हाइडल की रफ्तार बढ़ते ही यह पानी सीधे हसदेव दर्री बराज पहुंच रहा है। जहां से हसदेव दर्री बराज के माध्यम से दाएं तट और बाएं तट नहर के माध्यम से किसानों को भरपूर पानी दिया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि गर्मी के दिनों में इस बार बांगो बांध का वाटर लेवल लगभग 23 फ़ीसदी तक जा पहुंचा था लेकिन इस बार बारिश के शुरुआती दिनों में बांगो बांध की कैचमेंट इलाके में लगातार बेहतर बारिश हुई और बांध अब भरने के करीब आ पहुंचा है। बताया जाता है कि रविवार को बांध का वाटर लेवल 356.33 जा पहुंचा है जो कुल जलभराव का 80 फ़ीसदी पानी है। बांगो बांध अब लबालब होने के करीब आ पहुंच गया है लेकिन वहीं दूसरी ओर पिछले कई दिनों से बारिश की रफ्तार थम रही है और तेज गर्मी पड़ने लगी है। जिसकी वजह से खेती किसानी के लिए जांजगीर चांपा, सक्ती, रायगढ़ व कोरबा से पानी की डिमांड आने लगी है। जिसकी वजह से बांगो बांध में बने हाइडल प्लांट की रफ्तार 36 घंटे कर दी गई है जिससे लगभग 4500 क्यूसेक पानी हसदेव नदी में प्रवाहित किया जा रहा है। यह पानी सीधे हसदेव दर्री बराज पहुंच रहा है और हसदेव दर्री बराज के माध्यम से दाएं और बाएं तट नहर के माध्यम से किसानों को खेती किसानी के लिए भरपूर पानी दिया जा रहा है।



फाइल फोटो

#### आरबीसी में 36 सौ तो एलबीसी में 11 सौ क्यूसेक छोड़ा जा रहा पानी

जल संसाधन विभाग से मिले आंकड़ों के मुताबिक खेती किसानी के लिए किसानों को पानी की कमी ना हो इसके लिए हसदेव दर्री बराज से आरबीसी नहर में 36 सौ क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है जबकि एलबीसी नहर में 1190 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। जल संसाधन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि आने वाले दिनों में यदि पानी की और डिमांड करते हैं तो बांगो बांध में बने हाइडल प्लांट की रफ्तार और बढ़ाई जाएगी और दोनों नहर में भी पानी की रफ्तार बढ़ाकर किसानों को भरपूर पानी दिया जाएगा।

#### बांध को भरने में अब नहीं है ज्यादा वक्त

बारिश के शुरुआती दौर में ही बांगो बांध के कैचमेंट इलाके में लगातार अच्छी बारिश हुई है। अब तक अच्छी बारिश होने की वजह से बांध में बहुत तेजी से जलभराव हुआ है। जिसका नतीजा है कि अभी अगस्त के शुरुआती दौर में ही बांध लगभग 80 फ़ीसदी भर चुका है। आने वाले दिनों में यदि दो-तीन दिनों तक लगातार बांगो बांध के कैचमेंट इलाके में बारिश हुई तो निश्चित तौर पर बांध को भरने में ज्यादा वक्त नहीं लगेगा और बांध फिर से लबालब हो जाएगा। जल संसाधन विभाग के अधिकारी अभी हाईडल प्लांट की रफ्तार बढ़ाकर किसानों को पानी देकर पानी को कंट्रोल कर रहे हैं। यदि कैचमेंट इलाके में लगातार बारिश हुई और पानी आया तो निश्चित तौर पर हाइडल प्लांट की रफ्तार 24 घंटे कर दी जाएगी और यदि इससे भी पानी कंट्रोल नहीं होता है तो आने वाले दिनों में बांगो बांध में बने गेट को भी खोलने की नौबत आ सकती है।

## दातून तोड़ने पेड़ पर चढ़ा युवक गिरा, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक 28 वर्षीय युवक का शव नीम पेड़ के नीचे मिला। दो दिन से उसके परिजन तलाश कर रहे थे। पुलिस ने मामले की जानकारी मिलने पर मुआयना किया। मर्ग कायम करने के बाद उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

#### खास बात

- करतला थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम चांपा चोरभट्टी का मामला

करतला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चांपा-चोरभट्टी निवासी मनमोहन सिंह राठिया 7 अगस्त को अपने घर से खेत जाने की बात कह कर निकला था। कई घंटे बीत जाने के बाद भी जब वह घर वापस नहीं आया तो परिजन चिंतित हुए। यहां-वहां उसकी तलाश शुरू की गई। 24 घंटे बीतने पर पुलिस को अवगत कराया गया। इस बीच रक्षाबंधन की शाम को मालूम चला कि चोरभट्टी गांव की सीमा से सटे एक खेत पर लगे पेड़ के पास युवक का शव मिला। कुछ ही देर में उसकी पहचान मनमोहन राठिया के रूप में कर ली गई। करतला थाना प्रभारी केके वर्मा और हेड कांस्टेबल पद्मन सिंह ने मौके पर पहुंच मुआयना किया। लोगों से पूछताछ की गई तो पता चला कि मनमोहन दातून तोडऩे नीम पेड़ पर चढ़ा था। इसी दौरान वह ऊंचाई से पेट के बल गिर पड़ा। इस घटना में उसका मुंह खेत की मिट्टी में धंसा मिला। संभवतः दम घुटने से उसकी मौत हुई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है।

## सड़क किनारे युवक की मिली लाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मानिकपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत रामनगर निवासी शिवकुमार वस्त्रकार उम्र लगभग 38 वर्ष का शव कदमहाखार के पास सड़क किनारे मिली है। लाश मिलने की सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची थी। जहां मामले में वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। युवक की मौत कैसे और किन परिस्थितियों में हुई है स्पष्ट नहीं हो पाया है।

## एनीकट में 10 वर्षीय मासूम की मिली लाश, तहकीकात में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



मौके पर जांच करती पुलिस।

एक 10 वर्षीय मासूम की लाश हसदेव दर्री बराज के एनीकट में मिली है। लाश मिलने की सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची थी जहां मासूम के शव को एनीकट से बाहर निकाला गया लेकिन मासूम की शिनाख्त नहीं हो पाई है जिससे पुलिस के मुश्किलें बढ़ गई है। आखिर मासूम का शव कहां से आया और कैसे पहुंचा यह समझ से परे है। पुलिस की टीम मामले की तहकीकात पर जुटी हुई है। फिलहाल पुलिस उसकी शिनाख्ती के प्रयास में जुटी हुई है। युवक की मौत कैसे और किन परिस्थितियों में हुई है यह स्पष्ट नहीं हो पाया है पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मासूम की मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो पाएगा। फिलहाल पुलिस मामले की गंभीरता से तहकीकात में जुटी हुई है।

दर्री थाना क्षेत्र अंतर्गत हसदेव एनीकट में रविवार की दोपहर लगभग 2 बजे एक 10 वर्षीय मासूम का शव तैर रहा था। जब लोगों की नजर पड़ी तो उनके होश उड़ गए और उन्होंने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। दर्री बराज के निकट में मासूम का शव मिलने की सूचना पाते ही दर्री थाना प्रभारी दलबल सहित मौके पर पहुंचे और शव को पानी से बाहर निकाल गया। जहां पुलिस की टीम ने आसपास क्षेत्र में उसकी शिनाख्ती के लिए प्रयास किया लेकिन देर शाम तक उसकी शिनाख्ती नहीं हो पाई है। आखिर मासूम की मौत कैसे हुई है यह भी सवालों के घेरे में है। पुलिस की टीम अभी मृत मासूम के शिनाख्ती के लिए जिले और आसपास के पड़ोसी जिलों में सोशल मीडिया के माध्यम से उसकी शिनाख्ती के प्रयास में जुटी हुई है। जिस तरह से उसकी लाश मिली है उससे ऐसी संभावना जताई जा रही है कि हसदेव दर्री बराज से कहीं मासूम का शव बहकर आया होगा। पुलिस आसपास के बस्तियों में उसकी शिनाख्ती के लिए मुनादी करा कर शिनाख्ती के प्रयास में जुटी हुई है।

## घेराव को सफल बनाने के लिए गांव- गांव में बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ किसान सभा और भूविस्थापित रोजगार एकता संघ ने बरसों पुराने भूमि अधिग्रहण के बदले लंबित रोजगार प्रकरण,मुआवजा, पूर्व में अधिग्रहित जमीन वापसी, प्रभावित गांव के बेरोजगारों को खदान में काम देने,पुनर्वास गांव में बसे भू विस्थापितों को काबिज भूमि का पट्टा देने के साथ 9 सूत्रीय मांगो को लेकर 13 अगस्त को कटघोरा एसडीएम कार्याल घेराव की घोषणा की है।

जिला प्रशासन और एसईसीएल के आश्वासन से थके भूविस्थापितों ने किसान सभा के नेतृत्व में अब आर-पार की लड़ाई लड़ने का मन बना लिया है। आंदोलन को सफल बनाने की तैयारी को लेकर गांव गांव में बैठक आयोजित की जा रही है। 13 अक्टूबर को कटघोरा एसडीएम कार्याल घेराव को सफल बनाने के लिए 1378 दिनों से चल रहे धरना स्थल में भू विस्थापित रोजगार एकता संघ के अध्यक्ष रेशम यादव, दामोदर श्याम, रघु यादव किसान सभा के जवाहर सिंह कंवर, दीपक साहू, सुमेंद्र सिंह, जय कौशिक की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई। बैठक में आंदोलन को सफल बनाने के लिए जिले के सभी भू विस्थापितों से अपील की गई है। किसान सभा के प्रदेश संयुक्त सचिव प्रशांत झा ने कहा कि 40-50 वर्ष पहले कोयला उत्खनन के लिए किसानों की हजारों एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया गया था, लेकिन इसके बाद भी किसी सरकार ने जिला प्रशासन और खुद एसईसीएल ने विस्थापित परिवारों की कभी सुध नहीं ली। आज भी हजारों भूविस्थापित किसान जमीन के बदले रोजगार और बसावट के लिए संघर्ष कर रहे हैं। इस क्षेत्र में जिला प्रशासन की मदद से एसईसीएल ने अपने मुनाफे का महल किसानों और ग्रामीणों की लाश पर खड़ा किया है। किसान सभा इस बर्बादी के खिलाफ भूविस्थापितों के चल रहे संघर्ष में हर पल उनके साथ खड़ी है।

## आजीविका मिशन के प्रशिक्षण और स्वरोजगार के बंद पड़े कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



जिले में आजीविका मिशन अंतर्गत दिए जाने वाले प्रशिक्षण स्वरोजगार के कारण बंद पड़े हुए हैं। जिले में गठित 12 हजार समूहों में 10 हजार से अधिक समूह निष्क्रिय हो गए हैं। प्रशिक्षण के बाद न तो उन्हें स्वरोजगार के लिए वित्तीय सहायता दिलाई गई और ही दोबारा किसी योजना से जोड़ा गया। ऐसे स्व सहायता समूह ग्रामीण अंचलों के ज्यादा बताये गए हैं।

स्व सहायता समूहों को प्रशिक्षण देने के साथ बैंक से वित्तीय सहायता दिलाकर उन्हें स्वरोजगार से जोड़ना था। आजीविका मिशन आने के बाद बिहान योजना लागू कर जिले के सभी विकासखंड में महिला स्व सहायता समूह का गठन किया गया जिन्हें आवासीय प्रशिक्षण देने के लिए जिला पंचायत में आवासीय प्रशिक्षण सभागार का निर्माण किया गया है। आज स्थिति यह है कि आवासीय प्रशिक्षण सभागार के कमरों में स्थानीय कर्मचारी निवास कर रहे हैं। अब प्रशिक्षण पूरी तरह बंद है। महिला स्व सहायता समूह भी आजीविका मिशन दफ्तर में आना बंद कर दिये। जबकि योजनाओं के संचालन के लिए आजीविका मिशन के दफ्तर में कर्मचारियों की पदस्थापना की गई है।

#### पसान की यूनिट भी बंद

विकासखंड पोड़ी उपरोड़ा के पसान कलस्टर में सीता फल से जूस बनाए जाने की यूनिट की स्थापना की गई थी। जिसके लिए महिला समूहों को प्रशिक्षण दिया गया था। आज वह यूनिट पूरी तरह बंद पड़ी हुई है। ऐसे महिला समूहों को प्रशिक्षण देने के बाद उनके उत्पाद को मार्केट में सप्लाई के लिए कोई सार्थक प्रयास नहीं किए गए। परिणाम स्वरुप यूनिट बंद हो गई। इनके अलावा ऐसे कई यूनिट हैं जो बंद हो गए हैं। जबकि ऐसे समूहों को प्रशिक्षण देकर स्वालंबन की राह में खड़ा करना था। इसी तरह कटघोरा में महिलाओं को प्रशिक्षण देकर आचार बनाए जाने की यूनिट तैयार की गई थी।

### मेडिकल कॉलेज अस्पताल में लग रही मरीजों की भीड़

# उमस भरी गर्मी बिगाड़ रही लोगों की सेहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



जिले में तेज धूप, बारिश, उसम भरी गर्मी ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। इसका असर लोगों के स्वास्थ्य पर विपरित प्रभाव पड़ रहा है। मौसमी बीमारी से लोग परेशान होने लगे हैं। मेडिकल कॉलेज अस्पताल के आईपीडी (इन पेशेंट डिपार्टमेंट) में इलाज कराने वाले मरीजों की संख्या 850 से अधिक पहुंच गई है। पंजीयन काउंटर से लेकर अधिकांश चिकित्सकों के कक्ष और दवाई कक्ष के बाहर मरीज व उनके परिजनों की लंबी कतार लगी रही है।

इलाज कराने वाले मरीजों में सबसे अधिक सर्दी, खांसी, बुखार, उल्टी, दस्त सहित अन्य मौसमी बीमारी की चपेट में आने वाले मरीज थे। पिछले एक सप्ताह के भीतर लगभग 4 हजार 600 से अधिक मरीजों ने आईपीडी में इलाज कराया है। सामान्य दिनों में ओपीडी की संख्या 700 के आसपास होती है, लेकिन जब से मौसम में उतार-चढ़ाव शुरू हुआ है, मरीजों की संख्या में इजाफा दर्ज किया गया है। इसके अलावा आपातकालीन यानी अस्पताल में भर्ती होकर इलाज कराने वाले मरीजों की संख्या में भी इजाफा हुआ है। अस्पताल में रोजाना बड़ी संख्या में मरीज अलग-अलग बीमारियों से पीड़ित होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंच रहे हैं। इसके अलावा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोरबा के साथ-साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में भी मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। जिले में प्रदूषण की समस्या सबसे गंभीर बनी हुई है। शहरी क्षेत्र के निचली बस्तियों में सुबह और शाम खाना पकाने के लिए लोग कोयला सिगड़ी का उपयोग कर रहे हैं। कोयला की उपयोगिता से निकलने वाली धुंआ वातावरण को प्रदूषित कर रही है। वहीं शहरी और उप नगरीय इलाके कोयला लदान, ब्लास्टिंग, कोयला लोड भारी वाहनों के दबाव की वजह से प्रदूषण की समस्या बढ़ती जा रही है। इसे लेकर लोग सबसे अधिक परेशान हो रहे हैं। लोग दमा सहित अन्य सांस संबंधी बीमारी की समस्या लेकर अस्पताल पहुंच रहे हैं। बताया जा रहा है कि मेडिकल कॉलेज अस्पताल में ही ओपीडी में आने वाले मरीजों में से लगभग 30 फीसदी मरीज छाती रोग से संबंधित समस्या लेकर पहुंचते हैं, लेकिन पर्याप्त संसाधन नहीं होने की वजह से बेहतर इलाज नहीं मिल पा रहा है।

### कार चालक ने दो बाइक को मारी टक्कर

**कोरबा।** एक तेज रफ्तार कार के चालक ने तेजी एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए वीआईपी रोड में दो मोटर सायकल को अपनी चपेट में ले लिया जिससे बाइक सवार 3 लोग गंभीर रुप से घायल हो गए हैं। जिन्हें उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया है वहीं दुर्घटनाकारित कार को सिविल लाइन पुलिस ने जप्त कर लिया है। सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत रविवार की शाम लगभग 4 बजे कार क्रमांक सीजी 04 क्यूई 1680 के चालक ने आईटीआई से बुधवारी जाने वाले वीआईपी रोड पर तेजी एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए दो मोटरसाइकिल सवारों को टक्कर मार दी। जिसमें एक मोटर सायकल क्रमांक सीजी 12 एएस 5498 में दो लोग सवार थे जबकि एक अन्य मोटर सायकल में एक युवक सवार था।

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
- 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
- बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोंट, बिच्छू एवं सर्पदंश, हृदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इन्फेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना , नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
Urology Mumbai
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- मरीज के लिए लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्में की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच
डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दन्त रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडॉन्टिस्ट
- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बत्तीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ो एवं बच्चों के दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S- Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H
दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज , घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
- हड्डी टूटने की सर्जरी , पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी
- सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
- शोल्डर और बाजू की सर्जरी
- कमर दर्द , साइटिका एवं आर्थराइटिस का ईलाज
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
- हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क
मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर,सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल-फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलेब, फार्मेसी, ई.सी.जी. ई.ई.जी. इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजीरियन डिलीवरी
- बार बार गर्भपात होने का ईलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज
- नसबंदी, यूरिनरी समस्याएं , अनियंत्रित रक्त स्त्राव, असामान्य तौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया ) का ईलाज
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज
- निःसंतान दम्पतियों का परामर्श एवं इलाज , महिलाओं से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
जनरल सर्जरी विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का ईलाज, अपेंडिक्स, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतो का फटना, परोंकटमी, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट(स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली(गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

## खबर संक्षेप

### विद्यार्थी विज्ञान मंथन के जिला सहायक ब्लॉक समन्वयकों की नियुक्ति



**चांपा।** विद्यार्थी विज्ञान मंथन के राज्य समन्वयक शरद कौशिक एवं गौरव कुमार वर्मा की अनुशंसा पर राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक राजेन्द्र जायसवाल को जिला समन्वयक नियुक्त किया गया है। जिला समन्वयक राजेन्द्र जायसवाल ने अपनी टीम का विस्तार करते हुए जिला सहायक समन्वयक के रूप में डॉ. रविन्द्र द्विवेदी, शिक्षक, चांपा एवं भुवनेश्वर प्रसाद देवांगन, शिक्षक, नवागढ़ को जिम्मेदारी सौंपी है। इसके साथ ही ब्लॉक समन्वयक के रूप में प्रदीप श्रीवास बम्हनीडीह, लक्ष्मीनारायण तिवारी बलौदा, श्रीमती निधिलता जायसवाल पामगढ़, लक्ष्मीनारायण पाण्डेय अकलतरा, लोमेश श्रीवास नवागढ़ एवं किशोर शर्मा चांपा नगर को जिम्मेदारी दी गई है। विद्यार्थी विज्ञान मंथन, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार तथा राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से संचालित एक राष्ट्रीय कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य छात्रों में विज्ञान के प्रति रुचि जागृत करना, वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना एवं विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में भारत के योगदान से अवगत कराना है।

### सम्मेलन में किसानों को दी गई खेती किसानी की जानकारी



**बिर्रा।** बायर क्रॉप साइंस के तत्वाधान मे ग्राम पंचायत किकिरदा मे किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मलेन में 300 किसान उपस्थित हुये। कंपनी के द्वारा किसानो के उत्साह वर्धन के लिये लकी ड्रा के माध्यम से पुरस्कार रखा गया। प्रथम पुरस्कार स्प्रे पम्प संतोष श्रीवाश, द्वितीय पुरस्कार 5 नग छतरी धनीराम चन्द्रा, राजेश्वर चन्द्रा, जीवन देवांगन, खीकराम बंजारे, लक्ष्मी आदित्य एवं तृतीय पुरस्कार 3 नग धड़ी तिहारु राम कर्ष, सूर्या डहरिया, सुदर्शन आदित्य को प्राप्त हुआ। किसानों को बायर क्रॉप साइंस के क्षेत्रीय अधिकारी अनुराग त्रिपाठी के द्वारा खेती से सम्बंधित जानकारी दिया गया। कुशत राम चन्द्रा सोसायटी प्रबंधक किकिरदा, भगवान सिंह चन्द्रा, फील्ड टीम प्रदीप कश्यप, नवदीप खूंटे, मुकेश अवस्थी, सुभम त्रिपाठी उपस्थित थे।

### रामेश्वर महादेव मंदिर में किया गया जलाभिषेक



**चांपा।** आदर्श नगर चांपा स्थित श्री रामेश्वर महादेव शिवलिंग पर जलाभिषेक आदर्श नगर निवासियों ने पूरे श्रद्धा व भक्ति के साथ सामूहिक आयोजन कर किया। सुबह से ही लोगों में श्रद्धा व भक्ति मय माहौल देखने को मिला। आदर्श नगर में स्थित श्री रामेश्वर महादेव मंदिर स्थापना व प्राण प्रतिष्ठा वर्ष 2022 मार्च में हुआ था। तब से आदर्श नगर में हर वर्ष श्रीरामेश्वर महादेव मंदिर में जलाभिषेक का आयोजन किया जाता रहा है सुबह से ही सभी भक्तों का मंदिर में आना-जाना लगा रहा। भोले बाबा की जलाभिषेक मंत्रोच्चार के साथ किया गया। सभी सदस्यों के द्वारा जल अभिषेक करने के बाद आरती कर प्रसाद वितरण किया गया। आयोजन में मुख्य पुजारी अनूप तिवारी व आदर्श नगर के निवासी रामेश्वर महादेव समिति के सदस्य भारत चंदेल, बाबूलाल चंद्रा, राम कुमार सिंह, बद्रिका प्रसाद राठौर, गणेश श्रीवास, रामकृष्ण राठौर, शिवनाथ राठौर, ध्रुव सिंह, दिलीप पांडेय, विवेक केसरवानी, मनोज सिंह, आनंद सोनी, उमेश सिंह, मनमोहन चंद्रा, कृष्ण कुमार पांडे, दामन साहू, महेश चंद्रा ने भाग लिया।

## निधन

### श्रीमती ईश्वरी देवी खूबवानी

**चांपा।** स्थानीय सिंधी समाज के प्रतिष्ठित नागरिक स्व. साधुराम खूबवानी की धर्मपत्नी तथा गौरवपथ स्थित गुरुनानक रेसीडेंसी निवासी व्यवसायी अशोक खूबवानी व राम खूबवानी की माता श्रीमती ईश्वरी देवी खूबवानी का सोमवार 11 अगस्त को दोपहर 12 बजे निवास पर निधन हो गया। वे 92 वर्ष की थी। स्व. श्रीमती खूबवानी अपने पीछे तीन पुत्रों एवं दो पुत्रियों सहित भरा-पूरा परिवार गयी है। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार 12 अगस्त को दोपहर मवेशी बाजार स्थित सार्वजनिक मुक्तिधाम में होगा। अंतिम यात्रा पूर्वान्ह 11 बजे गुरुनानक रेसीडेंसी स्थित निवास से निकलेगी।



बहेराडीह में आयोजित भोजली महोत्सव में कोरबा जिले के महिला सरपंच को मिला प्रथम पुरस्कार

# अन्न, हरियाली और समृद्धि का प्रतीक है भोजली : रावटे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह

भोजली एक लोक एवं कृषि आधारित पर्व है, जिसमें हरियाली अंकुरित अनाज को उगाकर उसकी पूजा की जाती है और जल में विसर्जन किया जाता है। भोजली को अन्न, हरियाली और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है।

उक्त विचार बहेराडीह में स्थित देश का पहला वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल में आयोजित भोजली महोत्सव का शुभारम्भ करते हुए जिला पंचायत के सीईओ गोकुल प्रसाद रावटे ने व्यक्त किया। कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक व प्रमुख डॉ के डी महंत ने कहा कि भोजली पर्व मुख्य रूप से अन्न, हरियाली और खुशहाली की कामना के लिए मनाई जाती है। इसके पीछे कई मान्यताएं जैसे अच्छी फ़सल की प्रार्थना, वर्षा और उपजाऊ धरती का आभार, सामूहिक एकता और सामाजिक मेल जोल, परंपरा और सांस्कृतिक विरासत को संजोना, आदि शामिल है। महोत्सव में शामिल समाजसेवी डॉ सुरेश कुमार देवांगन ने भोजली को प्रकृति और कृषि के प्रति आभार तथा आने वाली फ़सल की समृद्धि की प्रार्थना और सामाजिक एकता का उत्सव बताया। प्रगतिशील किसान व सिवनी के जनपद सदस्य चुड़ामणि राठौर ने भोजली पर्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भो अर्थात धरती और जली का तात्पर्य जल से है। जिसे भोजली को धरती और जल का मिलन का प्रतीक माना जाता है। जिसे महिलाएं श्रवण मास के शुक्ल पक्ष में



भोजली विसर्जन करने जाती महिलाएं।

एक पात्र में मिट्टी, राख और बालू डालकर उसमें गेहूं या जौ के बीज बोती हैं।इन अंकुरित पौधों को भोजली कहा जाता है। जिन्हें नौ दिनों तक पानी देकर उनकी सेवा किया जाता है और भाद्र कृष्ण पक्ष की अंतिम में तालाब में विसर्जन किया जाता है। बलौदा जनपद के पूर्व उपाध्यक्ष नम्रता राघवेंद्र नामदेव ने कहा कि महिलाएं भोजली गीत फ़सल की अच्छी पैदावार और गाँव घर में खुशियाली की कामना के लिए गाया जाता है। कार्यक्रम को समाजसेवी अजय अग्रवाल, जिला पंचायत बिहान के डीएमएम उपेंद्र कुमार दुबे, किसान स्कूल के संचालक दीनदयाल यादव, ग्रामीण स्व रोजगार प्रशिक्षण संस्थान जांजगीर के फेकेल्टी उत्तम कुमार राठौर, किशन निर्मलकर, सरपंच चन्दा सरवन कश्यप ने भी संबोधित किया। भोजली का विषर्जन गाजे बाजे और आतिशबाजी के साथ किया किया। भोजली महोत्सव में प्रथम पुरुष्कार कोरबा जिला अंतर्गत सुखरीखुर्द की महिला सरपंच कविता मरावी को 1500 रूपये और प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। दूसरा पुरुष्कार 1000 रूपये और प्रमाण पत्र परमेश्वरी यादव को दी गईं। तीसरा पुरुष्कार गंगा यादव को 800 रूपये व प्रमाण पत्र दी गईं। चौथा पुरुष्कार अनुसुइय्या यादव को 700 रूपये व प्रमाण पत्र दी गईं। पांचवा पुरस्कार टिकैतीन कश्यप को 500 रूपये और प्रमाण पत्र दी गईं। इसी तरह कमलेश्वरी कश्यप, खुशबु यादव को पांच, पांच सौ रूपये दिया गया। इसके अलावा 10 महिलाओ को पर्स और अन्य 21 महिलाओ तथा युवतियां को सांत्वना पुरुष्कार से सम्मानित किया गया। महोत्सव को सफल बनाने में बिहान के क्रेडर्स रेवती यादव, ललिता यादव, सुमित्रा यादव, साधना यादव, पुष्पा यादव, दीप्ती झरना कश्यप, शकुन यादव और जनप्रतिनिधि का योगदान रहा।

## तुस्मा में 70 वर्षीय राजकुमारी ने मारी बाजी, उम्र को दी मात

**तुस्मा।** ग्राम पंचायत तुस्मा में रविवार को बड़े ही धूमधाम और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ भोजली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 70 वर्षीय महिला प्रतिभागी राजकुमारी साहू ने अपने शानदार प्रदर्शन से प्रथम स्थान हासिल किया और सबका दिल जीत लिया। ग्राम पंचायत तुस्मा में अत्यंत उत्साह और उमंग के साथ भोजली मनाई गई। सुबह से ही महिलाएं और युवतियां रंगीन परिधानों में सज-धजकर, हाथों में सजाए गए भोजली के साथ,गीत-संगीत गाते हुए आयोजन स्थल पर पहुँचीं ।प्रतियोगिता में विभिन्न उम्र वर्ग की प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। राजकुमारी साहू ने अपनी मेहनत,लगन और सटीक प्रस्तुति से सबको पीछे छोड़ दिया। 70 वर्ष की उम्र में भी उनकी ऊर्जा और आत्मविश्वास ने यह साबित कर दिया कि सफलता के लिए उम्र कभी बाधा नहीं बनती। राजकुमारी साहू ने पुरस्कार प्राप्त करते समय कहा, "जीवन में कुछ भी हासिल करने के लिए केवल मेहनत,समर्पण और हौसला होना चाहिए। उम्र सिर्फ एक संख्या है,असली ताकत मन के जज्बे में होती है। ग्राम पंचायत के सरपंच और आयोजन समिति के सदस्यों ने विजेताओं को पुरस्कार और सम्मान पत्र देकर प्रोत्साहित किया। भोजली प्रतियोगिता का समापन सामूहिक भोज और पारंपरिक गीत-संगीत के साथ हुआ। इस प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान सावित्री साहू,तृतीय स्थान,दिव्या सिदार,चतुर्थ स्थान केवरा बाई,पंचम स्थान मधु बर्मन,षष्ठम स्थान संध्या,सप्तम स्थान हीना साहू ने प्राप्त किया। इस बीच जिला पंचायत सदस्य नेहा साहू,जनपद सदस्य दिनेश साहू,ग्राम सरपंच सुष्मिता साहू उप सरपंच गोपी चंद साहू,वीरेंद्र बंजारे,हीरा लाल साहू,मंगलू लहरे,रामनाथ साहू खिलावन साहू दूजा प्रधान,पुनिरामसाहू,परमानंद साहू मौजूद रहे।



## भोजली महोत्सव लोक संस्कृति व आपसी भाई चारे का प्रतीक

**तनौद।** जिला के पामगढ़ ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत तनौद में भोजली महोत्सव कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य (सभापति स्वास्थ्य विभाग) प्रमिला अजय साहू शामिल हुए। अध्यक्षता ग्राम के सरपंच रंजनी महावीर ने की। इस दौरान प्रमिला अजय साहू ने कहा कि बताया कि भोजली महोत्सव हमारी लोक संस्कृति,आपसी भाई चारे और आस्था का प्रतीक है,जो हमें अपनी जड़ों से जोड़े रखता है। इस अवसर पर प्रमिला अजय, रंजनी महावीर व सभी पंचायत प्रतिनिधि ने भी संबोधित किया। छत्तीसगढ़ के इस पारंपरिक भोजली महोत्सव में स्थानीय ग्रामीण, जनप्रतिनिधि गण,आमजन, प्रतिष्ठित नागरिक बंधु,महिलाओं सहित बच्चे बड़ी संख्या में गांव वासियों की मौजूदगी रही। भोजली महोत्सव प्रतियोगिता में प्रथम स्थान ममता केंवट,दुसरा तिलकेश्वरी साहू,अनुसुईया,फिरबाई कंवर, रुक्मणी, और अन्य मातों ने प्रतियोगिता में भाग लिया और सभी को पंचायत द्वारा पुरस्कृत किया गया। उपसरपंच विराज रणवीर, पंचगण रुक्मणी केंवट, सुखराम, राहुल, संतोष, कृष्ण कुमार,फिरत साहू, देवी, दिनेश,मंजू,कमल किशोर,तीजमति ग्रामीणजन ग्रंथ ओमप्रकाश साहू नागेश हिराऊ फिरत साहू ,लतेल टंडन,रामू साहू,*रामायण मंडली का बहुत अच्छा योगदान रहा पवन कुमार साहू,सोनसाय, राहुल कंवर प्रेम लाल सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।



## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने मनाया रक्षा बंधन उत्सव

**बिर्रा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बिर्रा मण्डल द्वारा 9 अगस्त को प्रातः 7 बजे सरस्वती शिशु मंदिर बिर्रा में रक्षा बंधन उत्सव मनाया गया।



कार्यक्रम का शुभारंभ शाखा लगाकर ध्वज प्रणाम करके किया गया। अमृत वचन , गीत, सुभाषितानि क्रमशः पीताम्बर कश्यप, गौतम कश्यप, सिद्धार्थ तिवारी द्वारा लिया गया। मुख्य वक्ता के रूप में प्रवीण तिवारी (मण्डल घोष प्रमुख) रहें। अपने बौद्धिक में प्रवीण तिवारी ने कहा कि भारतीय दर्शन के छः अंग हैं जिसमें से मुख्य है वेदांत दर्शन। वेदांत दर्शन के छः अंग द्वैत, अद्वैत, विशिष्टाद्वैत, शुद्धाद्वैत, द्वैताद्वैत, चिंत्यभेदा भेद सभी दर्शन हमें बन्धनों से दूर परमात्मा की ओर ले जाते हैं । पर रक्षा बंधन ऐसा पर्व है जिसमें बंधन बांधा जाता है वो भी रक्षा का। हम भगवा ध्वज को राखी बांधते है क्योंकि हमें इसका सदा भान होते रहे कि हमने इसी ध्वज के सामने संकल्प लिया है। स्वयंसेवकों के द्वारा ग्राम के 30 से अधिक घरों में जाकर सभी को रक्षासूत्र बांधा गया। इस अवसर पर मनोज तिवारी जिला महामंत्री, संस्कार भारती,पीताम्बर कश्यप खंड कार्यवाह,बुद्धेश्वर कश्यप मण्डल पालक,ध्रुव कुमार कहार शाखा कार्यवाह, गौतम कश्यप मण्डल शारीरिक प्रमुख, सिद्धार्थ तिवारी प्रांतीय सदस्य,अ. भा.विद्यार्थी परिषद एवं अन्य स्वयंसेवक गण उपस्थित रहे।

## कोसला में भोजली उत्सव व प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़-कोसला

ग्राम कोसला में तृतीय वर्ष भोजली उत्सव एवं प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन रविवार 10 अगस्त को महामाया मंदिर परिसर में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा नेता जिला मंत्री गुरूदयाल पाटले, जनपद उपाध्यक्ष रूपचंद साहू, डॉ शांति कुमार कैंवर्त्य, कोसला सरपंच राजकुमार नारंगे विषेश रूप से उपस्थित रहे।

प्रतिभागी विजेताओं को भोजली, पारंपरिक वेषभूषा तथा भोजली गीत पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने पर समिति द्वारा माता कौसल्या का चित्र एवं नगद राशि से पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा मंदिर परिसर में रखे भोजली मईया की आरती कर की गई, जिसके बाद समिति द्वारा माता कौशल्या देवी का चित्र, श्रीफल व गमछा एवं पुष्पहार पहनाकर अतिथियों का स्वागत सम्मान किया गया। अतिथि द्वारा भोजली का चयन किया गया, जिसमें प्रथम स्थान पर हिंगलेश्वरी साहू, द्वितीय स्थान पर नंदनी कश्यप एवं तृतीय स्थान पर पायल कश्यप। वेशभूषा में प्रथम शालू कश्यप, द्वितीय बिंदीया कश्यप, तृतीय स्थान पर आरती पटेल को दिया गया। इसी तरह भोजली गीत के 5 टोली प्रतियोगिताओं को पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा विजेताओं को स्वर्गीय हुलास राम तिवारी के स्मृति में सुधीर तिवारी द्वारा स्मृति चिन्ह सप्रेम भेंट किया गया। गांव के निवासी जनपद उपाध्यक्ष रूपचंद साहू ने कहा कि कोसला ग्राम माता कौसल्या देवी की जन्मस्थली है, इसलिए यहां के सभी धार्मिक, पारंपरिक कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम से पूरे गांव वाले मिलकर आनंद और उत्साह पूर्वक मनाते हैं। मुख्य अतिथि गुरु दयाल पाटले ने समिति और पूरे गांव वालों को भोजली कार्यक्रम पर बधाईयां दी है। कार्यक्रम को लेकर गांव के माताओं एवं बहनों में भारी उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम को सफल बनाने में त्रिलोकी नाथ तिवारी, सरपंच राजकुमार नारंगे, उपसरपंच योगेश कुमार साहू, मनोबल सिंह जाहिरे, भूपेन्द्र साहू, बसंत कुमार साहू, अशोक कुमार साहू, कनक साहू, संतोष कुमार तिवारी, कन्हैयालाल साहू, फिरत राम कुर्मी, देवकुमार साहू, अवधेश कुमार साहू, सुनील तिवारी, गौरव तिवारी सहित वरिष्ठ नागरिक, युवा व महिलाएं उपस्थित थी।



कार्यक्रम में भोजली के साथ उपस्थित महिलाएं।

## केशरवानी महिला सभा की अल्का अध्यक्ष मनोनीत

**चांपा।** नगर केशरवानी महिला सभा चांपा की नए अध्यक्ष पद हेतु समाज की सक्रिय सदस्य और केशरवानी समाज के सामान्य परिवार से आने वालीं अल्का केशरवानी को नगर महिला सभा का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। गौरतलब है कि केशरवानी प्रदेश सभा के नियमानुसार नगर महिला सभा के अध्यक्ष का मनोनयन का अधिकार नगर सभा के अध्यक्ष का होता है। मनोनीत किए जाने वाले अध्यक्ष व अन्य सभी पदाधिकारियों का कार्यकाल 3 वर्ष का होता है। इनका मनोनयन केशरवानी वैश्य प्रदेश सभा के निर्देश और मार्गदर्शन में केशरवानी वैश्य सभा चांपा के अध्यक्ष मूलचन्द गुप्ता के द्वारा किया गया। उन्हें निर्देश भी दिया गया है कि 15 दिवस के भीतर महिला सभा के कार्यकारिणी की घोषणा करेंगी।



## रक्षाबंधन पर हैप्पी वेलफेयर सोसायटी ने पुलिस जवानों को बांधी राखी

**अकलतरा।** हैप्पी वेलफेयर सोसाइटी अकलतरा के महिला सदस्यों द्वारा अकलतरा थाने में ड्यूटी कर रहे पुलिसकर्मी व थाना प्रभारी भास्कर शर्मा को राखी बांधकर राखी विथ खाकी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अकलतरा थाना प्रभारी भास्कर शर्मा ने कहा कि यह कार्यक्रम फ्रेंडली पुलिसिंग की ओर एक महत्वपूर्ण कदम होगा। इस परंपरा को हमेशा जारी रखने की आवश्यकता है। उन्होंने राखी बांधने आई बहनों को सोशल मीडिया के उपयोग में सावधानी बरतने व साइबर क्राइम से बचने के टिप्स दिए व सभी को अभिव्यक्ति एप डाउनलोड करने अपील की।

उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन सदैव आपके साथ है। अकलतरा को आदर्श नगर बनाने के लिए आप सब के सहयोग की आवश्यकता है। हैप्पी वेलफेयर सोसाइटी के संस्थापक व नगर पालिका अकलतरा के सभापति पुरुषोत्तम नामदेव ने बताया कि रक्षाबंधन जैसे महत्वपूर्ण दिनों में भी पुलिस प्रशासन के लोग जनमानस की सुविधा व सुरक्षा के लिए ड्यूटी देते रहते हैं जिनके वजह से उनकी कलाइयां सुनी रह जाती है इस स्थिति को देखते हुए हमारी संस्था द्वारा 11 वर्ष पूर्व इस कार्यक्रम को प्रारंभ किया गया था और तब से अब तक अनवरत जारी है। और इसे भविष्य में भी जारी रखा जाएगा,इस वर्ष अकलतरा के स्कूली बच्चों द्वारा हस्तनिर्मित राखी को पुलिसकर्मियों को बांधा गया। कार्यक्रम में हैप्पी वेलफेयर सोसाइटी की महिला टीम से दीपा लामा,अंकिता सिंह, पूजा तांडेकर, प्रिया सिंह,चीकू यादव, ईशा यादव,मधु साहू,प्रमिला सिंह, आकृति कौशिक, अर्चना सरकार, मुस्कान साहू,लालिमा विश्कर्मा,परी कौशिक, विश्वकर्मा, वीणा साहू,डोली विश्वकर्मा,आकृति कौशिक,आकांक्षा कौशिक,दिव्या लामा,चित्ररेखा साहू,सुहाना कौशिक ने थाना प्रभारी भास्कर शर्मा एवं पुलिसकर्मी परवेज खान,बाबूलाल कोसरिया,राकेश चतुर्थी, भूषण रतनाकर को राखी बांधा। कार्यकम्र के आयोजन में आयुष शर्मा,संजु सिंह,चिराग शर्मा, अखिलेश कौशिक,सुमन वैष्णव,रवि टेंगनवाल, गणेश कौशिक ने अपना सहयोग प्रदान किया।



उपस्थित पुलिस के जवान एवं हैप्पी वेलफेयर सोसाइटी के पदाधिकारी व सदस्य।

## कन्या पूर्व माध्यमिक शाला में राखी प्रदर्शन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेल्हाडीह-जेठा

शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक शाला लवसरा में विद्यार्थियों द्वारा राखी प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। यह आयोजन प्रधान पाठक रामकृष्ण राठौर के निर्देशन में तथा प्रभारी शिक्षिका रंजनी साहू के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम सरपंच चमेली बाई चौहान एवं समिति अध्यक्ष गिरिजाबाई साहू द्वारा मां सरस्वती की पूजा-अर्चना से हुआ। तत्पश्चात छात्राओं द्वारा ऊन, धागा, मोती, बिंदी, रिबन, चावल आदि से तैयार की गई सुंदर एवं कलात्मक राखियों की प्रदर्शनी लगाई गई। सरपंच चमेली बाई चौहान ने कार्यक्रम में विशेष सहभागिता निभाते हुए न केवल बच्चों के कार्यों की सराहना की, बल्कि उन्हें भविष्य में अपने हुनर को रोजगार की दिशा में विकसित करने हेतु प्रेरित भी किया। उन्होंने विद्यालय द्वारा आयोजित इस प्रकार की गतिविधियों को ग्रामीण क्षेत्र में कौशल-आधारित शिक्षा के प्रभावी प्रयास के रूप में सराहा। प्रधान पाठक रामकृष्ण राठौर ने बच्चों को निरंतर अभ्यास और नवाचार के माध्यम से शिक्षा के साथ-साथ आत्मनिर्भर बनने का संदेश दिया। जनपद सदस्य सुनीता मनोज नाई एवं शैक्षिक समन्वयक संजीव साहू ने भी विद्यार्थियों की प्रशंसा करते हुए उन्हें नई ऊंचाइयों को छूने की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर प्राचार्य सुचिता बा, शिक्षक पुष्पेंद्र पटेल, प्रदीप राठौर, कार्तिक राम यादव, गीता कुर्रे, रामशिला साहू,विजय रठिया तथा गणमान्य नागरिक एवं पालकगण उपस्थित रहे।



राखी प्रदर्शनी का अवलोकन करती अतिथि।

## बिलासपुर में हुआ शुक्ल परिवार का वार्षिकोत्सव सह सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

केरा कुल शुक्ल परिवार तुलसी, मिसदा कनस्दा, नगारीडीह, भठली, बर्रा, केरा का वार्षिकोत्सव सह पुस्तक विमोचन संग सम्मान समारोह श्रावण शुक्ल नवमी को संतोष उपाध्याय पूर्व विधायक

- कुटुम्बबोध पुस्तक का विमोचन, सेवनिवृत्त सदस्य व उत्कृष्ट बच्चे हुए सम्मानित

राजिम, श्रीमती हर्षिता पाण्डेय पूर्व अध्यक्ष महिला आयोग एवं सदस्य राष्ट्रीय महिला आयोग, डां प्रदीप शुक्ल अध्यक्ष छत्तीसगढ़ ब्राह्मण विकास परिषद् एवं श्रीकान्त पाण्डेय अध्यक्ष जिला पंचायत मुंगेली के मुख्य आथित्य में श्री विप्र भवन इमली पारा बिलासपुर में सम्पन्न हुआ ।

कार्यक्रम का संचालन नवरत्न शुक्ल संयोजक केरा कुल शुक्ल परिवार द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रमुख अभ्यागतों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर एवं भगवान शिवजी का पूजन कर किया गया। अतिथियों का स्वागत केरा कुल शुक्ल परिवार के मातृ पितृ संगठन के अनेक सदस्यों के द्वारा किया गया। नवरत्न शुक्ल संयोजक ने प्रतिवेदन में श्री राम चन्द्र शुक्ल के आगमन आज से लेकर परिवार के विस्तार की जानकारी दी। मुख्य अतिथि संतोष उपाध्याय ने केरा कुल शुक्ल परिवार के इस कार्ययोजना को वे अपने राजिम क्षेत्र में कार्यान्वित करने की बात कही। कार्यक्रम को डॉ. प्रदीप शुक्ल, श्रीमती हर्षिता पाण्डेय, श्रीकान्त पाण्डेय ने भी संबोधित किया। वार्षिकोत्सव में केरा कुल के द्वारा ब्राह्मण समाज के मिश्र परिवार पाटन धुमा (दुर्ग) के शैलेश मिश्रा पूर्व कोषाध्यक्ष एवं वर्तमान कारयकारिणी सदस्य छत्तीसगढ़ ब्राह्मण समाज, हर्ष पाण्डेय अध्यक्ष लायंस क्लब बिलासपुर एवं प्राध्यापक शासकीय महाविद्यालय पाली कोरबा, प्रदीप शर्मा नगर संघचालक बिलासपुर पूर्व प्रान्त अध्यक्ष छत्तीसगढ शिक्षक संघ, प्रफुल्ल शर्मा प्रान्तीय पदाधिकारी एवं राष्ट्रीय सदस्य आर एस एस एवं प्राचार्य उ मा शाला कोटमीसोनार, श्याम मोहन दुबे अध्यक्ष अरपा अर्पण महाभियान बिलासपुर, अनिल तिवारी पूर्व जिलाशिक्षाधिकारी एवं सहायक संचालक संयुक्त संचालक कार्यालय बिलासपुर, राघवेंद्र धर दीवान सारंगढ़ सम्पादक सरयू द्विज पत्रिका, संजय चौबे साजा सचिव पत्रकार संघ बिलासपुर, सुबोध शुक्ल खरौद, राजकपूर शुक्ल बरपाली का सम्मान किया गया। इसके अतिरिक्त सेवानिवृत्त सदस्यों और परिवार के उत्कृष्ट बालक-बालिकाओं को भी सम्मानित किया गया। आभार प्रदर्शन नवरत्न शुक्ल ने किया।



कार्यक्रम में मंचस्थ अतिथिगण।

## प्राचीन शबरी मंदिर में महिला मंडली ने किया भजन-कीर्तन

**खरौद।** छठवीं शताब्दी में ईंटों से निर्मित प्राचीन सबरी मंदिर खरौद में महिला मंडली द्वारा भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। इस बार सावन महीना में पूर्णिमा रक्षाबंधन होने के कारण त्रयोदशी को भजन कीर्तन आयोजित किया गया।

सर्वप्रथम मां शबरी का पूजन किया गया। तत्पश्चात महिला मंडली द्वारा सुमधुर स्वर से जस गीत अन्य भजन एवं एक साथ भोजली जीत गाई गई। इस बीच अध्यात्म परिषद के सदस्य वरिष्ठ सदस्य धनसाय यादव ने रक्षाबंधन पर्व के इतिहास के बारे में बताते हुए कहा कि माता लक्ष्मी ने दानव राज बाली को रक्षा सूत्र बांधकर अपने पति विष्णु को पुनः प्राप्त किया तब से रक्षाबंधन का पर्व मनाया जाने लगा। अध्यात्म परिषद के अध्यक्ष एवं सबरी भजन के संयोजक शिवरात्रि प्रसाद यादव ने धार्मिक त्योहार लोक पर्वों का उल्लेख करते हुए कहा कि हमारे सभी पर्व आपसी भाईचारा एवं एकता के सूत्र में हम सबको बांधता है। सुहागिनों के लिए अनेक त्यौहार आने वाले हैं। सुहाग के प्रति सिंदूर के संबंध में उन्होंने अनेक महत्वपूर्ण जानकारियां दी। इस कार्यक्रम में छठ बाई आदित्य, त्रिवेणी यादव, रामकली आदित्य, मंटोरा आदित्य, द्रौपदी यादव, गौरी यादव, चंद्रप्रभा यादव, सविता बाई, बुधवारा आदित्य, सुख बाई आदित्य का सहयोग प्राप्त हुआ।



**खबर संक्षेप**

## कुरियारी में सुंदरकांड प्रवचन से भावविभोर हुए श्रद्धालु



**गोधना।** ग्राम कुरियारी में सावनी रामायण का आयोजन किय गया। सुंदरकांड प्रवचन से श्रद्धालु भावविभोर हो गए। प्रतिदिन यहां गांव और आसपास के क्षेत्रों से सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर भजन-कीर्तन और प्रवचन का आनंद लिया। मंदिर प्रांगण में गूंजते राम नाम और ढोल-झांझ की धुनों से पूरा वातावरण आध्यात्मिक रंग में रंग गया। शनिवार की संध्या में प्रवचनकर्ता शोभाराम कश्यप ने सुंदरकांड के अंतर्गत राम-विभीषण संवाद का वर्णन करते हुए कहा कि प्रभु श्रीराम ने विभीषण से स्पष्ट कहा कि जो भी मेरी शरण में आता है, मैं उसे सभी पापों से मुक्त कर देता हूं और भवसागर से पार लगा देता हूं। इस दिव्य वाणी को सुनकर श्रोता भावुक हो उठे, कई भक्तों की आंखें नम हो गईं और वे प्रभु स्मरण में लीन हो गए। ग्रामीणों का कहना है कि ऐसे धार्मिक आयोजन न केवल आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान करते हैं, बल्कि आपसी एकता और सांस्कृतिक विरासत को भी मजबूत करते हैं।

## मोटराइज्ड ट्रायसाइकिल मिलने से पुरुषोत्तम को अब नहीं हो रही परेशानी

**सक्ती।** कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के निर्देशन में समाज कल्याण विभाग सक्ती द्वारा ग्राम कटे



कोनी (छोटे) निवासी पुरुषोत्तम कुमार बरेठ को मोटराइज्ड ट्रायसाइकिल प्रदान की गई। इस सहयोग का उद्देश्य उन्हें आत्मनिर्भर बनाना और उनके रोजगार में सुगमता लाना है। मोटराइज्ड ट्रायसाइकिल मिलने से अब श्री बरेठ अपने कार्यों को अधिक सहज और तेज़ी से कर पाएंगे। यह सुविधा उन्हें न केवल आर्थिक रूप से सशक्त बनाएगी, बल्कि उनकी रोज़मर्रा की आवाजाही में भी बड़ी मदद करेगी। समाज कल्याण विभाग के इस कदम से दिव्यांगजन के जीवन में आत्मविश्वास और स्वतंत्रता की भावना को बढ़ावा मिलेगा। श्री बरेठ ने इस सहयोग के लिए विभाग और प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि अब वे अपने रोजगार को पूरी तरह आगे बढ़ा सकेंगे। यह पहल सशक्त समाज सशक्त जीवन की दिशा में एक सराहनीय प्रयास है, जो यह साबित करता है कि सही सहयोग से हर व्यक्ति अपने सपनों को पूरा कर सकता है।

## मतदान प्रक्रिया से हुआ ट्रिनिटी कॉन्वेंट स्कूल में छात्रसंघ चुनाव

**तुस्मा।** ट्रिनिटी कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल में छात्रसंघ चुनाव का आयोजन हुआ। विद्यालय के समस्त शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं के मार्गदर्शन में चुनाव प्रक्रिया को पूर्ण रूप से पारदर्शी और सुव्यवस्थित रूप में संपन्न किया गया। इस दौरान नामांकन पत्र भरना प्रचार अभियान चलाना, मतदान केंद्र पर मतदान की प्रक्रिया,मतगणना और परिणामों की घोषणा जैसे सभी चरणों का अभ्यास कराया गया। शिक्षकों ने चुनाव प्रक्रिया की निगरानी की,चुनाव अधिकारियों की भूमिका निभाई और छात्रों को प्रत्येक चरण में मार्गदर्शन प्रदान किया अनुशासन,निष्पक्षता और पारदर्शिता को प्राथमिकता देते हुए उन्होंने चुनाव को एक सच्चे लोकतांत्रिक उत्सव का रूप दिया। छात्रों का उत्साह और भागीदारी छात्रों में इस चुनाव को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। प्रत्याशियों ने अपनी-अपनी योग्यताओं और योजनाओं के आधार पर प्रचार किया,पोस्टर बनाए और सभाएं कीं। मतदान के दिन छात्रों ने अनुशासन पूर्वक कतार में खड़े होकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस अवसर आशीष निशि पटेल संचालक, रोशनी आशीष पटेल प्राचार्य, आशा मेनन,ज्योति नायर, प्रमिला घृतलहरे, अंजलि साहू, सानिया केशरवानी, ईशा वैष्णव, भारती शर्मा, स्नेहा केशरवानी, गुंजा साहू,प्रियंका प्रजापति,संगीता भारती, सृष्टि दयाल सिंह,विनीता गोपाल,आकांक्षा मेनन,रानू मसीह, विजय राही, राहुल पांडेय, राजीव साहू, अनिरुद्ध आदित्य,निशा नायर श्रुति केशरवानी,त्रिदेव तिवारी मौजूद रहे।

### 62वीं पुण्य तिथि पर पौधा रोपण एवं प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का हुआ सम्मान

# न्याय के लिए धर्मदत्त ने कभी गरीब- अमीर जात-पात में नहीं किए भेदभाव : चंदेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

क्षेत्र के प्रतिष्ठित नागरिक न्याय पंचायत नैला के पूर्व उपाध्यक्ष एवं ग्राम पंचायत सिवनी (नैला) के प्रथम निर्वाचित सरपंच स्व. पंडित धर्मदत्त पाण्डेय की 62 पुण्यतिथि के अवसर पर प्रतिवर्षानुसार पौधा रोपण एवं प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान के साथ ही श्रद्धांजली सभा का आयोजन स्व. धर्मदत्त पाण्डेय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सिवनी में किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व नेता प्रतिपक्ष छ.ग.विधानसभा नारायण चंदेल ने कहा कि स्व. धर्मदत्त पाण्डेय न्यायप्रिय थे और न्याय के लिए वे कभी गरीब-अमीर, जात-पात मे भेदभाव नही किए। उन्होने आगे कहा कि पं. धर्मदत्त पाण्डेय न्याय पंचायत के उपाध्यक्ष होने के साथ-साथ जननेता भी थे आज ग्राम सिवनी गौरव ग्राम कहलाता है यह स्व. धर्मदत्त के संस्कारों का ही देन है। उन्होने कहा दुनिया मे कुछ ही लोग होते है जो इतिहास में याद रहते है उनमे से स्व. पाण्डेय एक थे। कार्यक्रम के अध्यक्ष पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रघुराज प्रसाद पाण्डेय ने कहा कि क्षेत्र की जनता का लगातार मिल रहा प्यार और सम्मान ही पाण्डेय परिवार का संबल और धरोहर है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक अकलतरा चुन्नीलाल साहू ने कहा कि पूर्वजों के किए हुए कार्यो को याद रखना हमारी संस्कृति है



स्व. धर्मदत्त पांडेय को श्रद्धा सुमन अर्पित करते अतिथि।

और समाज मे वही याद किया जाता है जिसने समाज के हित मे अपना तन मन धन न्यौछावर किया हो। उन्होने स्व. धर्मदत्त के जीवन यात्रा को पुस्तक के माध्यम से संकलित करने का आह्वान किया। कार्यकारी जिलाध्यक्ष कांग्रेस कमेटी रमेश पैगवार ने कहा कि स्व. धर्मदत्त पाण्डेय की लोकप्रियता को इसी बात से समझी जा सकती है कि उन्होंने कुल 55 साल का जीवन जिया और आज 62 वर्षो से क्षेत्र के नागरिक लगातार उन्हें याद कर रहे है। कार्यक्रम का संचालन शाला विकास समिति के अध्यक्ष शैलेन्द्र पाण्डेय ने किया और आभार प्रदर्शन स्व. पाण्डेय प्रपौत्र इंजी. रवि पाण्डेय ने किया।

सभा के पूर्व अतिथियों के द्वारा पौधारोपण किया गया। साथ ही अमृतलाल यादव और बिहारी बरेठ के भजन गायन के कार्यक्रम से श्रोता मंत्रमुग्ध हो गये। कार्यक्रम के अंत मे प्रतिवर्षानुसार इंजी. रवि पाण्डेय के द्वारा ग्राम के मेघावी छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह और एक हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिसमे शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला सिवनी के बारहवीं के छात्र सूरज बरेठ 79.49प्रतिशत और दसवीं के छात्रा वर्षा लाठिया 92 प्रतिशत एवं विद्या निकेतन उच्चतर माध्यमिक शाला सिवनी के बारहवी के छात्र तान्या राठौर 83 प्रतिशत और दसवी के छात्र ओम पाण्डेय 93प्रतिशत को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम मे पूर्व मण्डी अध्यक्ष कृष्ण कुमार पाण्डेय, पूर्व सरपंच सनत पाण्डेय, नगर पालिका नैला जांजगीर के उपाध्यक्ष मोहन यादव, राजीव पाण्डेय, किशोर पाण्डेय, मनोज पाण्डेय, अरूण पाण्डेय, प्रवीण पाण्डेय, विवेक पाण्डेय, शिव शंकर पाण्डेय, उप सरपंच शुभांशु मिश्रा, पत्रकार पवन अग्रवाल, सीताराम नायक, घुरऊ प्रसाद राठौर, रामप्रसाद राठौर, रामगोपाल राठौर, जानू राठौर, रमेश बरेठ, भाजपा मण्डल प्रवक्ता रोहित यादव, सूर्यनारायण राठौर, मंगतराम बरेठ, हेमलता यादव, प्रेमचंद धीवर, पतीराम करियारे, रोहित कुमार सूर्यवंशी, नंदकुमार लाठिया, रूपनारायण लसेर, मनोज लाठिया, जितेन्द्र बरेठ, कृष्णा बरेठ, योगेश राठौर, रामायण धीवर, दीपक धीवर, राकेश कहरा, बलदाऊ प्रसाद राठौर, नोधराम बरेठ, सुरेन्द्र पाण्डेय, अनंदराम बरेठ, परदेशी, छोटेलाल बरेठ, चन्द्रशेखर पाण्डेय, राकेश चौहान, सुकेश शर्मा, ओम पाण्डेय, सूरज बरेठ, विवेक यादव, रामखिलावन धीवर, रामसिंह, सत्यनारायण धीवर, आरती रवि राठौर, शुभ पाण्डेय आशु पाण्डेय गोविन्द पाण्डेय अशोक बरेठ, भरत लाल धीवर रमेश राठौर, अवध बिहारी पाण्डेय, मनोज कुमार बरेठ, संतोष राठौर, जवाहर कश्यप सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।



## शिविर में 31 मरीजों का हुआ नेत्र परीक्षण व दो का ऑपरेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

लायंस क्लब इंटरनेशनल के डिस्ट्रिक्ट 3233 सी की इकाई लायंस क्लब चांपा द्वारा पेंशनर वृद्ध जनों के लिए निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर श्री गणेश विनायक नेत्रालय परशुराम चौक चांपा में आयोजित किया गया। शिविर में 31 मरीजों का नेत्र परीक्षण डॉ मयंक दुबे नेत्र रोग विशेषज्ञ के द्वारा किया गया तथा 2 मरीजों का निःशुल्क ऑपरेशन भी किया गया। इस अवसर पर लायंस क्लब के सदस्य डॉ व्ही के अग्रवाल, डॉक्टर जी पी दुबे, डॉ काशी प्रसाद राठौर, डॉक्टर संतोष कुमार अग्रवाल, रामप्रपन्न देवांगन, सचिव लायन राजेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष वासुदेव देवांगन, बजरंग अग्रवाल, बैजनाथ देवांगन, विनोद अग्रवाल, किशन शर्मा उपस्थित थे जिनके सहयोग से कार्यक्रम सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर लायंस क्लब के सदस्यों ने डॉ मयंक दुबे को साल श्रीफल और पुष्प गुच्छ भेट कर उनके प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री गणेश विनायक नेत्रालय परशुराम चौक चांपा के सभी स्टॉफ का विशेष सहयोग रहा । लायंस क्लब के अध्यक्ष अधिवक्ता संतोष कुमार सोनी ने सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि लायंस क्लब चांपा के द्वारा जरूरतमंद के लिए सेवा का कार्य निरंतर किया जाता रहेगा। उन्होंने बताया के सेवा गतिविधि के अगले क्रम में रविवार 17 अगस्त को लायंस चौक स्थित हेमिनबाई राठौर मेमोरियल नर्सिंग होम में नवजात शिशुओं को हिमालया किट का वितरण किया जाएगा ।

**खास बात**

- लायंस क्लब ने पेंशनर व वृद्धजनों के लिए आयोजित किया शिविर

## कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन की नई प्रबंधकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह एवं समीक्षा बैठक

**सक्ती।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन जिला इकाई शक्ति का नई प्रबंध कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह एवं समीक्षा बैठक प्रदेश संयोजक कमल वर्मा के मुख्य अतिथि एवं श्याम सुंदर अग्रवाल अध्यक्ष नगर पालिका परिषद शक्ति के अध्यक्षता में संपन्न हुई।

इस अवसर पर जी आर चंद्र प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ, बीपी शर्मा प्रदेश संयोजक पेंशनर फोरम राजपत्रित अधिकारी संघ के जिला अध्यक्ष डॉक्टर श्रीमती कुमुदिनी वाघ द्विवेदी हिमाचल साहू, विश्वनाथ सिंह परिहार जिला संयोजक मंचस्थ रहे। सर्वप्रथम नगर पालिका सक्ती के अध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल ने उपस्थित कर्मचारियों अधिकारियों ने खड़े होकर ताली बजाते हुए स्वागत किया। तत्पश्चात उनके द्वारा सियान सदन को पेंशनरों के लिए उपलब्ध कराए जाने पर वर्चुअल लोकार्पण किया गया एवं मोमेंटो देकर उनका स्वागत किया गया। द्वितीय सत्र में अध्यक्षता फेडरेशन के प्रमुख संरक्षक रमेश तिवारी ने किया। जिला संयोजक



राधेलाल भारद्वाज, संरक्षक विजय बहादुर सिंह, खगेश कुमार पटेल, भोले शंकर तिवारी, कार्यकारी जिला संयोजक राधेश्याम साहू, उप संयोजक विकास चौबे, जिला उपाध्यक्ष सुरेश जयसवाल, यशवंत पटेल सचिव संजय गबेल जिला अध्यक्ष पटवारी सहसचिव विजय खूटे तोमेश्वर चंद्र भोले शंकर साहू जिला प्रवक्ता प्रदीप बंजारे महिला प्रकोष्ठ जिला संयोजिका श्रीमती पार्वती खूंटे उपसंयोजिका श्रीमती पायल देवांगन जिला महासचिव डॉक्टर श्रीमती रजनी पटेल जिला सचिव श्रीमती संयोगिता रात्रे शिक्षिका श्रीमती रात्रे कार्यकारिणी सदस्य श्याम कुमार सोने अशोक कुमार राठौर, जय किशन उरांव, टीकाराम सारथी सहित कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जिला स्तरीय स्वतंत्रता दौड़ 14 अगस्त को होगा आयोजित

**सक्ती।** जिला प्रशासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग सक्ती के संयुक्त तत्वाधान में जिला स्तरीय स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन बाजार चौंक सक्ती से स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ठ अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सक्ती तक 14 अगस्त को सुबह 7:30 बजे से किया जा रहा है। उक्त स्वतंत्रता दौड़ मे सभी आयु वर्ग के विद्यालय, महाविद्यालय के छात्र-छात्राऐं, जिला खेल संघ संस्था के खिलाड़ी एवं पदाधिकारी, विभागीय अधिकारी, कर्मचारी, गणमान्य नागरिक तथा जिलेवासी भाग ले सकते है। जिला खेल अधिकारी ने जिला खेल संघ के अध्यक्ष और सचिव, विद्यालय, महाविद्यालय के प्राचार्य और प्रधान पाठकों से अनुरोध किया है कि अपने-अपने संस्था के खिलाड़ी, छात्र-छात्राओं को सूचित कर समय उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करने आग्रह किया है।

## केशरवानी महिला समिति ने मनाया सावन उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

केशरवानी महिला समिति के सदस्यों ने हर्षोल्लास पूर्वक ओम सिटी हाटल रीत में सावन उत्सव कार्यक्रम में मनाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ प्रदेश केशरवानी वैश्य सभा के महामंत्री नीलेश गुप्ता, छग प्रदेश महिला सभा की महामंत्री श्रीमती आरती राजेश गुप्ता, छग प्रदेश महिला सभा की संगठन मंत्री श्रीमती सुषमा नीलेश गुप्ता के अलावा विशिष्ट अतिथि चांपा वैश्य कल्याण समिति के अध्यक्ष मूलचंद गुप्ता, महामंत्री गौरव गुप्ता, कोषाध्यक्ष देवी गुप्ता थे।

अध्यक्षता केशरवानी महिला समिति चांपा की अध्यक्ष श्रीमती शांता महेंद्र गुप्ता ने की। सभी मंचस्थ अतिथियों का स्वागत अध्यक्ष श्रीमती शांता गुप्ता के द्वारा तिलक लगाकर पुष्प गुच्छ और श्री फल, देकर किया गया। प्रदेश महामंत्री नीलेश गुप्ता ने समाज को संगठित होकर समाज को आगे बढ़ाने की बात कही। छत्तीसगढ़क केशरवानी प्रदेश महिला सभा की महामंत्री श्रीमती आरती राजेश गुप्ता ने कहा कि केशरवानी महिला समिति चांपा की अध्यक्ष श्रीमती शांता गुप्ता के अध्यक्षता में पूरे प्रदेश में आज तक सबसे सराहनीय कार्य चांपा केशरवानी महिला समिति के द्वारा किया जा रहा है जिसके लिए चांपा केशरवानी महिला समिति बधाई के पात्र हैं। समिति की



कार्यक्रम में मंचस्थ अतिथि का स्वागत करती समिति की अध्यक्ष।

अध्यक्ष श्रीमती शांता गुप्ता ने अपने उद्बोधन में सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि केशरवानी महिला समिति चांपा मेरे नौ वर्षीय कार्यकाल में सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों के के सहयोग से अच्छे कार्य कर पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में अपना परचम लहराया है। इस सहयोग के लिए चांपा केशरवानी महिला समिति के हर सदस्य बधाई के पात्र हैं। समाज के पदाधिकारी समाज के सेवक होते हैं। इस अवसर पर सावन सुंदरी का चयन प्रदेश महिला महामंत्री श्रीमती आरती राजेश गुप्ता के द्वारा चिट निकाल कर किया गया, जिसमें सरिता गुप्ता विजयी रहीं। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश शिक्षा मंत्री श्रीमती रत्नप्रभा केशरवानी तथा आभार व्यक्त सचिव रेखा केशरवानी ने किया।

## ज्ञान भारती विद्यालय में सावन महोत्सव प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

ज्ञान भारती विद्यालय जांजगीर में सावन महोत्सव प्रतियोगिता एवं ग्रीन डे का आयोजन किया गया। कक्षा नर्सरी से दूसरी (हिन्दी माध्यम एवं अंग्रेजी माध्यम ) तक के बच्चों द्वारा पेड़, पत्तियों एवं फलों का स्वरूप धारण कर उनका सजीव चित्रण किया गया, जिसकी प्रभारी वंदना राठौर, यामिनी साहू, रंजना तिवारी एवं संगीता राठौर रहीं । राखी बनाओ प्रतियोगिता में कक्षा 3 री से 5 वीं (हिन्दी माध्यम एवं अंग्रेजी माध्यम ) तक के छात्र-छात्राओं द्वारा राखी बनाया गया, जिसके प्रभारी जयनंदन नामदेव एवं नेहा राठौर थे।

चित्रकला प्रतियोगिता में कक्षा 6 वीं से 12 वीं (हिन्दी माध्यम एवं अंग्रेजी माध्यम ) तक के छात्रों ने अपने कला का प्रदर्शन किए जिसके प्रभारी शीला तिवारी एवं प्रज्ञा मिश्रा थी । कविता प्रतियोगिता में कक्षा 6 वीं से 12 वीं (हिन्दी माध्यम एवं अंग्रेजी माध्यम ) तक के छात्र छात्राओं ने भाग लिया जिसके प्रभारी श्रीमती सीमा कश्यप एवं कुश तिवारी थे । निबंध प्रतियोगिता में कक्षा 6 वीं से 12 वीं (हिन्दी



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि एवं बच्चे।

माध्यम एवं अंग्रेजी माध्यम ) तक के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया जिसके प्रभारी नवीन कुमार डहरिया एवं रमांशु यादव थे। मेहंदी प्रतियोगिता में कक्षा 6 वीं से 12 वीं (हिन्दी माध्यम एवं अंग्रेजी माध्यम ) तक की छात्राओं ने भाग लिया जिसके प्रभारी शीला तिवारी रहीं। प्रत्येक प्रतियोगिताओं का परीक्षण संचालक डॉ. आर. सी. पाण्डेय , आर. के. जैन , देवेन्द्र राठौर , एवं गीतेश राठौर ने किया तथा बच्चों के प्रयास और उत्साह की सराहना की।

## अगस्त क्रांति दिवस पर कांग्रेसियों ने अमर शहीदों को किया याद

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

अगस्त क्रांति दिवस, भारत छोड़ो आंदोलन पर 9 अगस्त को देश को आजादी दिलाने वाले शहिद वीर योद्धाओं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, लाल बहादुर शास्त्री, पंडित जवाहरलाल नेहरू,, सरदार वल्लभ भाई पटेल, मौलाना आजाद,राजेंन्द प्रसाद, अरुणा आसफ अली सहित सभी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को याद करते हुए शहीद स्मारक जांजगीर में जांजगीर-चांपा विधायक ब्यास कश्यप के विशेष उपस्थिति में एवं जिला कांग्रेस के कार्यकारी जिला अध्यक्ष रमेश पैगवार के संयोजकत्व में श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर अगस्त क्रांति दिवस पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में अमर शहीदों को याद करते हुए धुप दीप प्रज्वलित कर शहीद स्मारक में पुष्पांजलि किया गया। कार्यक्रम



स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को याद करते कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता।

में प्रमुख रूप से जांजगीर चांपा विधायक ब्यास कश्यप जी,जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी जिला अध्यक्ष रमेश पैगवार, जिला कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश शर्मा, प्रदेश कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ परस शर्मा, पिछड़ा वर्ग जिला कांग्रेस के अध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य लोकेश राठौर,सेवादल के जिला अध्यक्ष दैव कुमार पांडे, नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष भगवान दास गढ़वाल, रफीक सिद्दीकी,उत्तम पाटले, अनिल राठौर,राईस किंग खुटे, अनिल चौरसिया, मुस्कान परवीन, वर्षा सिंह, रामविलास राठौर सहित कांग्रेस जन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# जब से मानव धरती पर है तब से आदिवासियों का अस्तित्व : सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

विश्व आदिवासी दिवस कार्यक्रम का आयोजन ग्राम झरिया पोंड़ी दलहा में विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह के मुख्य आतिथ्य में किया गया।

कार्यक्रम में आदिवासी समुदाय के द्वारा विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह को पीला साफा पहनाकर एवं श्रीफल भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि जब से मानव धरती पर हैं तभी से आदिवासी भाइयों और बहनों का आस्तित्व है, इसलिए जल जंगल और जमीन पर सबसे पहला अधिकार है। विश्व आदिवासी दिवस केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि यह दिन हमें आदिवासी समाज के गौरवशाली इतिहास, उनकी

**खास बात**

- ग्राम झरिया पोंड़ी दलहा में विश्व आदिवासी दिवस पर कार्यक्रम आयोजित



मंचस्थ अतिथि का स्वागत करते समाज के लोग।

संस्कृति और उनके अधिकारों के संरक्षण का संकल्प दिलाता है। उन्होंने सभी से अपील की कि आदिवासी परंपराओं का सम्मान करें, उनकी कला और संस्कृति को संजोएं और उनके विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित बच्चे पारंपरिक एवं संस्कृति से सुसज्जित पोशाकों में सजे-धजे नजर आए। ढोल, मांदर और पारंपरिक वाद्ययंत्रों की थाप पर थिरकते कलाकारों ने कार्यक्रम स्थल को एक महोत्सव में बदल दिया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के द्वारा आदिवासी समाज के वरिष्ठ जनों शाल श्रीफल भेंट कर एवं सांस्कृतिक प्रस्तुति देने वाले बच्चों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गयाविधायक राघवेंद्र कुमार सिंह ने सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया:-कार्यक्रम के दौरान ग्राम झिरिया में विधायक निधि से निर्मित सामुदायिक भवन का विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह के द्वारा लोकार्पण भी किया गया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सामुदायिक भवन के निर्माण से गांव में सामाजिक, सांस्कृतिक एवं सामुदायिक गतिविधियों के लिए एक सर्व सुविधा युक्त भवन उपलब्ध होगा। कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं आदिवासी समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
11 सितंबर, 3 अक्टूबर, 13 नवंबर, 18 दिसंबर, 24 दिसंबर 2025 (10 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
माँ मनोकामना देवी, पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान),
पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),
राशि:-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

स्वामी जी
93406-38884
केदारनाथ में घोड़े खच्चर, पालकी व हेलीकॉप्टर की सुविधा दिलवाने में मदद करायेंगे।
By Train- रिजर्वेशन व स्पेशल पैकेज से
चार धाम यात्रा
श्री हरिद्वार, हरकी पौड़ी, ऋषिकेश,
श्री उत्तरकाशी, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री,
श्री बद्रीनाथ, श्री केदारनाथ,
यात्रा दिनांक
30 अगस्त 2025
10 सितंबर 2025
25 सितंबर 2025
15 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-22501/- ऑफर 19,501/-, 3AC-29,501/-ऑफर 27,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)